## सीएसआईआर-सीरी ने धूमधाम से मनाया राष्ट्र का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में राष्ट्र का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। संस्थान परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्थान परिवार के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, सहकर्मियों एवं उनके परिजनों सहित सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



*माँ भारती के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए डॉ सुचंदन पाल, वैज्ञानिक-जी (ऊपर) तथा श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक*

समारोह की शुरुआत माँ भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करने के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य (निदेशक, सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़) ऑनलाइन माध्यम से समारोह में सम्मिलित हुए।



स्वतंत्रता दिवस संबोधन देते हुए प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

अपने प्रेरक स्वतंत्रता दिवस संबोधन में उन्होंने संस्थान परिवार के सभी सदस्यों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में वैज्ञानिक समुदाय एवं प्रत्येक नागरिक की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर, विकसित एवं सशक्त राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य की चर्चा करते हुए कहा कि इस दिशा में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देश में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का विकास, स्वदेशी अनुसंधान को बढ़ावा तथा अनुसंधान के परिणामों को प्रयोगशालाओं से उद्योग एवं समाज तक पहुँचाना आवश्यक है।




*राष्ट्र ध्वज फहराते हुए डॉ सुचंदन पाल, वैज्ञानिक-जी*



स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राष्ट्र गीत एवं राष्ट्रगान गाते हुए उपस्थित सहकर्मी एवं अन्य लोग

इससे पूर्व डॉ. सुचंदन पाल, वैज्ञानिक-जी ने राष्ट्रध्वज फहराया और राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। इसके पश्चात उपस्थित सभी जनों ने राष्ट्र गीत 'वंदेमातरम' एवं राष्ट्र गान के साथ राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त किया। राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्र गान की प्रस्तुति ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।





*मार्चपास्ट (परेड) प्रदर्शन करते हुए सीरी सुरक्षाकर्मी एवं विद्यालय (सीरी विद्या मंदिर) के एनसीसी छात्र*

तदुपरांत स्वतंत्रता दिवस समारोह में सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मनमोहक परेड, बैंड प्रदर्शन एवं देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों के अनुशासित एवं आकर्षक प्रदर्शन ने समारोह में उपस्थित सभी जनों को जोश, उमंग और देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक सराहा।



*स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्यान पर आयोजित संध्याफेरी के दौरान राष्ट्र ध्वज के साथ देशभक्ति गीत गाते हुए सीरी परिवार के सदस्य*

इससे पूर्व हर वर्ष की भाँति स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ संध्या फेरी का आयोजन किया गया जिसमें तिरंगे के रंग और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में संस्थान परिवार ने एकजुट होकर देश भक्ति गीत गाते हुए स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को कृतज्ञतापूर्वक नमन किया।

.......